# विद्यार्थियों का संघर्ष रहा सफल, कलेक्टर ने दिये निर्देश

## कन्या स्कूल की जमीन का जल्द होगा सीमांकन और लगाया जाएगा बोर्ड, नपा ने लगवाए थे पोल

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** विदिशा रोड़ स्थित पुराने हायर सेकेण्ड्री स्कूल की भूमि कन्या विद्यालय के लिए आवांटित की गई थी, लेकिन इस जमीन पर नगरपालिका द्वारा अस्थाई तौर पर फल एवं सब्जी विक्रेताओं के लिए आरक्षित की जा रही थी, जिसके चलते उक्त जमीन पर विद्युत पोल लगाने कार्य किया गया। वहीं कन्या स्कूल पर नपा द्वारा कराये जा रहे कार्य की जैसे ही जानकारी लगी तो नेता प्रतिपक्ष रीतेश जैन आजाद ने इस पर कड़ा विरोध जताया, तो वहीं स्कूल बचाओ शिक्षा समिति द्वारा उक्त भूमि कन्या स्कूल के आवांटित किए जाने के लिए रैली और ज्ञापन सौंपे थे। इसके साथ ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा भी इस जमीन को लेकर ज्ञापन दिया था। तो वहीं रविवार को प्रेसवार्ता आयोजित प्रशासन को चेतावनी दी थी कि तीन दिन के अंदर यदि वाउड्रीवॉल एवं सीमांकन नहीं किया जाएगा, तो विद्यार्थी परिषद द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसके बाद सोमवार को कलेक्टर आदित्य सिंह जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश जारी करते हुए



उक्त जमीन कन्या स्कूल एवं खेल मैदान के लिए आरक्षित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जल्द ही बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए। तो वहीं राजस्व व नपा की टीम को जमीन का सीमांकन के निर्देश दिए गए। ये निर्देश जारी होने के बाद कन्या विद्यालय की छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। तो वहीं विद्यार्थी परिषद द्वारा इसे अपनी जीत बताते हुए मिठाई वितरित की, तो वहीं छात्राओं द्वारा कन्या स्कूल को भूमि मिलने के बाद खुशी का इजहार नृत्य कराते हुए व्यक्त किया। इस दौरान विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अमन रघुवंशी ने बताया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव छात्र हितों के लिए संघर्षरत रही है। कन्या विद्यालय की जमीन का मुद्दा परिषद ने बार-बार प्रशासन के सामने उठाया और पूर्व में परिषद द्वारा सैंकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ बड़ा आंदोलन किया गया था और



कलेक्टर महोदय के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया था। आज उसी संघर्ष और प्रशासन की संवेदनशीलता से यह ऐतिहासिक जीत संभव हो सकी।

**कलेक्टर ने दिये निर्देश:**


सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी करते हुए कन्या विद्यालय की जमीन पर सीमांकन, बाउंड्रीवाल निर्माण, खेल मैदान की व्यवस्था तथा विद्यालय के नाम का बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। इसके बाद ही जिला कलेक्टर कार्यालय से आदेश जारी कर किया गया है, जिसमें सर्वे नं. 1015/स रकबा 0.3450 हेक्टेयर भूमि विशेष रूप से कन्या विद्यालय हेतु सुरक्षित रहेगी, यह भूमि शासकीय विद्यालय की होने के कारण किसी अन्य प्रयोजन या विभाग को नहीं दी जाएगी। वहीं नगर पालिका और राजस्व विभाग के अधिकारी मिलकर शीघ्र ही सीमांकन करेंगे और प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

# चोरी की बिजली से चल रहा था पेट्रोल पंप, लगाया गया जुर्माना

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कचनार सेक्टर स्थित तुमेन डिविजन के राजपुर क्षेत्र में बिजली चोरी का बड़ा मामला उस वक्त सामने आया जब तूमेन डिविजन में पदस्थ उपयंत्री महेश वारमाते बिजली विभाग की टीम के साथ क्षेत्र में निरीक्षण दौरे पर थे, राजपुर स्थित कचनार रोड पर संचालित श्री कृष्णा पेट्रोल पम्प को 5.6 किलो बाट बिजली चोरी का मामला विभाग के कनिष्ठ यंत्री श्री बारमाते की टीम ने बिजली मीटर से बायपास कर केवल डायरेक्ट विद्युत ट्रांसफार्मर से जोड़ कर डायरेक्ट बिजली चलाते हुए पाए जाने पर पेट्रोल पम्प मालिक नेहा यादव के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 4 लाख 15 हजार 890 रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया ।

कनिष्ठ यंत्री श्री बारमाते ने बताया कि विगत एक वर्ष से प्रत्येक माह बिजली बिल पेट्रोल पम्प से जीरो आ रहा था, जबकि साढे पांच किलो बाट से भी अधिक बिजली खपत होना सामने आया है ।



महाप्रबंधक मधुसूदन कोरी तथा अतिरिक्त अधीक्षण यंत्री देवेंद्र मेहरा के निर्देशन में बिजली चोरी रोकने तथा अवैध रूप से बिजली चोरी में लिप्त पाए जाने पर नियम अनुसार विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रकरण बना कर जुर्माना वसूली तथा कोर्ट चालन कार्यवाही की जा रही हैं। वहीं सोमवार को राजपुर स्थित पेट्रोल पम्प बिजली चोरी मामले में जेइ श्री बारमाते के साथ लाइन निरीक्षक हरिनारायण शर्मा,तथा राम लाल सिंह साथ में रहे ।

## एक नजर में

### सड़क हादसों से बचाने गायों को पहनाई गई रेडियम बेल्ट



**अशोकनगर।** राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद ने बेसहारा पशुओं की सुरक्षा के लिए सराहनीय पहल शुरू की है। परिषद के सदस्यों ने कोलुआ तिराहे से खिरिया तक सड़क पर बैठी और घूम रही गायों के गले में रेडियम पट्टियां बांधीं गई। गौसेवकों का कहना है कि आए दिन सड़क पर हो रहे हादसों को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। रात के समय वाहनों की हेडलाइट पड़ते ही यह पट्टी चमक उठती है, जिससे वाहन चालक को दूर से ही मवेशियों का अंदाजा हो जाता है और वह अपनी गति धीमी कर लेता है। इससे सड़क पर बैठी गायें दुर्घटनाओं का शिकार होने से बच सकती हैं। जिले में इन दिनों बड़ी संख्या में बेसहारा गौमाताएँ सड़कों पर घूम रही हैं। इसके कारण आए दिन हादसों में उनकी मौत हो रही थी। रेडियम बेल्ट लगाने से हादसों पर रोकथाम की उम्मीद जताई जा रही है। इस मौके पर गो सेवक अभिषेक मोहरी, दिव्यांश यादव रिजोदा, हरिभजन प्रजापति, रवि वंशकार और आकाश कुशवाह मौजूद रहे।

### नेता प्रतिपक्ष ने की आर्थिक अपराध शाखा में शिकायत, सीएमओ पर FIR की मांग

**अशोकनगर।** विगत दिनों कन्या स्कूल की जमीन पर नगरपालिका द्वारा अवैध रूप से पोल गाड़ने और लाइन बिछाने के कार्य को अवैधानिक बताते हुए आर्थिक अपराधा शाखा में नेता प्रतिपक्ष रीतेश जैन आजाद द्वारा शिकायत की गई और जनता के टेक्स रूपी गाड़ी कमाई मनमाने ढंग से खर्च करने सीएमओ पर एफआईआर किए जाने की मांग की गई है।

दरअसल बीते दिनों नगर पालिका अधिकारी द्वारा स्वयं खड़े होकर नगर पालिका अध्यक्ष की उपस्थिति में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की जमीन पर 17 बिजली के 25 फिट ऊंचे पोल गाड़े गए थे। साथ ही उन पर 11 केव्ही की लाइन बिछाई गई। जबकि यह भूमि शिक्षा विभाग की थी, वहीं शिक्षा विभाग की भूमि किए गए अनाधिकृत कार्य का विरोध नपा नेता प्रतिपक्ष द्वारा जताया गया था, तो वहीं इसका कोई भी एस्टीमेट, टेंडर अथवा वर्क आर्डर जारी नहीं हुआ। वहीं उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि जनता की मेहनत की कमाई के लाखों रुपए के इस तरह से मनमानी पूर्ण खर्च किए जा रहे है, जो कि गलत है। वहीं उन्होंने इकोनामिक ऑफेंसेस विंग को शिकायत करते हुए प्रभारी सीएमओ पर एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की गई है।

### आईजा के जिलाध्यक्ष बने गौरव जैन



**अशोकनगर।** शहर के युवा पत्रकार गौरव जैन को ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोशिएशन (आईजा)का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आईजा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन ने उनकी नियुक्ति की है। उनकी नियुक्ति के बाद जिले में संगठन को और मजबूती मिलेगी। उनकी नियुक्ति पर शहर के पत्रकार साथियों सहित इष्ट मित्रों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# मनमर्जी करना है, तो गृहस्थी न बसायें : सुधासागर

## ध्वजारोहण के साथ वार्षिक विमानोत्सव प्रारंभ, कलशाभिषेक के साथ हुई फूलमाला, ज्ञानमाला



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** संसार में कोई भी वंधन में नहीं रहना चाहता, चाहें उसे कितना ही खिलाओ पिलाओ, लाड़ करो एक न दिन एक असंत हर व्यक्ति को किस भाषा में किसे उत्तर देना है उसे उसी की भाषा उत्तर देते हैं। समोवशरण में प्रभु की वाणी को अपनी-अपनी भाषा में समझते हैं तोता पिंजरे में वंधन का दु:ख एक तरफ था स्वतंत्रता का जो है, समस्त सुखों से ऊपर है हमारे आचार्य महाराज इसी वंधन से मुक्ति के मार्ग को खोजता रहता है। संसार का कोई भी जीव वंधन में नहीं रहना चाहता है इन सब से ऊपर उठने के लिए व्यक्ति ज्ञान योग में चला जाता है।

भीम जंगल में निकले हनुमान जी मिल गये उनसे युद्ध में मदद मांगी, भीम ने कहा कि आप हमेशा सत्य के पक्ष में खड़े रहे। वे सत्य प्रिय थे एक बार तो सत्य के लिए श्रीराम चन्द्र जी के विरोध में खड़े हो गए तब श्री राम ने कहा कि हनुमान तुम मुझ पर शस्त्र उठाओगे तब हनुमान जी ने कहा कि आप क्षत्रियता का आदर नहीं कर रहे आप छोटे-छोटे बालकों पर शस्त्र उठा रहे, बालक स्त्री और नपुंसको पर क्षत्रिय कभी शस्त्र नहीं उठाते, तब तो ये नन्हे बालक है भीम ने जब याद दिलाया तो हनुमान जी कहते हैं कि वह कर्म योग की दशा थी, आज मैं ज्ञान योग में हूं अब मैं इन सब से ऊपर उठ गया, तो आज ज्ञान की चर्चा चल रही है। ज्ञान योग व्यक्ति में संसार के सुख दु:ख समृद्धि वैभव से ऊपर उठ जाता है उक्त आशय केउद्गार सुभाषगंज मैदान में वार्षिक महोत्सव के ध्वजारोहण समारोह में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए।

**भामाशाह ने किया वार्षिक महोत्सव का ध्वजारोहण:**

जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि हम सब के सौभाग्य से राष्ट्र संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज का चातुर्मास हुआ है और आज भव्य रजत रथयात्रा के साथ विमान महोत्सव गुरु देव के सान्निध्य में निकाला जा रहा है। जिसमें ध्वजा रोहण का सौभाग्य जैन समाज के भामाशाह परिवार श्री मति सुशीला अशोक पाटनी, डीआईजी विनीत कुमार द्वारा प्रतीष्ठाचार्य प्रदीप भैया के मंत्रोच्चार के बीच जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल, महामंत्री राकेश अमरोद के साथ किया जा रहा।



**मनमर्जी करना है तो गृहस्थी न बसाये:**

इस दौरान मुनिश्री ने कहा कि ग्रहस्थ जीवन को भी कोई साधारण चीज मत समझो तुम्हारे लिए मन मानी करना है, तो ग्रहस्थी मत बसाना तुम इतना सोच लो कि तुम्हारे करने से किस को नुकसान हैं तुम्हारे व्यसन करने से कितने लोग परेशान हो गया, तुम्हारे कारण राष्ट्र की प्रसिद्ध बढ़ेगी राष्ट्र का गौरव बढ़ा ऐसा कुछ जीवन में जरूर करना। ऐसे पाप नहीं करना जिससे राष्ट्र वदनाम आतंकवादी का कोई धर्म नहीं होता उसे लोगों को मारने से मतलब रहता ऐसा पाप अक्षम्य महापाप होता है, जो राष्ट्र द्रोह है ऐसा कभी मत करना चाहें प्राण चले जायें। अंग्रेजे लोग शाम को एक घंटे की छुट्टी भोजन के लिए देते थे एक दिन एक व्यक्ति ने कहा दिया मैं तो आज काम पूरा करके जाऊंगा तो रात्रि भोजन का क्या होगा, वह व्यक्ति बोला मुझे चल जाता है तब से ही उस सनकी अंग्रेज ने शाम की छुट्टी समाप्त करा दी, ऐसा पाप मत करना जिससे तुम्हारे परिवार कुल जाति की इज्जत खत्म हो जायेंगी।



### कलेक्टर ने स्वर्ण पदक विजेता मानसी रघुवंशी का किया सम्मान

**अशोकनगर।** मानसी रघुवंशी द्वारा कजाकिस्तान में आयोजित 16वीं एशियन शूटिंग शॉटगन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। कलेक्टर द्वारा जिले की बेटी मानसी के द्वारा आयोजित की गई उपलब्धि पर उन्होंने कहा कि इसी प्रकार अपनी मेहनत और लगन के साथ सुनहरे भविष्य की ओर आगे बढ़ती रहें। जिला प्रशासन की ओर से आपको खेल में आगे बढ़ाने हेतु हर संभव प्रयास किए जाएंगे। जिससे जिले का नाम प्रदेश और देशभर में रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि देश की बेटियों के लिए प्रेरणा बन सकें और आपसे प्रेरित होकर जिले की और बेटियां भी हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन करेंगी।

### सफाई व्यवस्था ठप्प, बढ़ा बीमारियों का खतरा

**चंदेरी।** नगर में 28 अगस्त से सफाईकर्मी हड़ताल पर हैं, सफाई कार्य बंद होने के कारण शहर गंदगी और बदबू का आलम है। सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर कचरे के ढेर जमा हो गए हैं, जहां मरे हुए जानवरों की बदबू ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। वहीं बीमारियों का प्रकोप बढ़ने से सिविल अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। गंदगी के कारण मच्छरों और मक्खियों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे सर्दी, खांसी, बुखार, और संक्रामक रोगों में तेजी से इजाफा हो रहा है। सिविल अस्पताल में मरीजों की संख्या इतनी बढ़ गई है कि नर्सिंग स्टाफ को मरीजों को लाइन में लगवाकर इंजेक्शन और दवाइयां देनी पड़ रही हैं। इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सोमवार दोपहर हैंडलूम पार्क में सर्व समाज और अधिकारियों की बैठक बुलाई गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गंदगी के कारण न केवल बीमारियां फैल रही हैं, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी भी प्रभावित हो रही है।

# कलेक्टर ने जिलाअस्पताल का किया निरीक्षण, सुधार के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह सोमवार को जिला चिकित्सालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सम्पूर्ण अस्पताल परिसर सहित विभिन्न वार्डो का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य लाभ ले रहे भर्ती मरीजों से चर्चा कर उपचार के बारे में आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिले। कोई भी मरीज उपचार हेतु अनावश्यक रूप से परेशान न रहे। उन्होंने पीएनसी वार्ड में ट्यूबलाइट,वार्डों में राउन्ड के समय एवं डॉक्टर्स का नाम लिखवाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि पैथोलॉजी लेब में निशुल्क जॉच का बोर्ड लगवाया जाए। उन्होंने जिला चिकित्सालय में रक्तदान



शिविर का आयोजन किए जाने के निर्देश दिए। वार्डों में वेड एवं गद्दे की आवश्यक व्यवस्था कराई जाए।

**बैठक**

## समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने दिये निर्देश

# शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन शत-प्रतिशत हो : आदित्य

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का क्रियान्वयन जिले में विभागों द्वारा शत प्रतिशत किया जाए। साथ ही विभागों द्वारा की जाने वाली कार्यवाहियां समय पर हों यह सुनिश्चित किया जाए। ये निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में जिला अधिकारियों को दिए।



बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि आगामी 10 एवं 11 सितम्बर को केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का जिले में भ्रमण रहेगा। भ्रमण संबंधी समस्त तैयारियां समय से पूर्ण की जाएं। दिशा बैठक के संबंध में संबंधित अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित अद्यतन जानकारी के साथ तैयार रहें। उन्होंने निर्देशित किया कि केन्द्रीय मंत्री के जनसुनवाई कार्यालय से प्राप्त आवेदनों के निराकरण में प्रगति लाई जाए। उन्होंने विजन डाक्यूमेंट पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिले में बारिश से पुल,पुलियों,सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई है,उनके मरम्मत एवं सुधार का कार्य 15 सितम्बर से प्रारंभ कराये जाने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। जर्जर भवनों को गिराये जाने की प्रक्रिया नियमानुसार पूर्ण किये जाने के निर्देश संबंधितों को दिए। बैठक में आने वाले त्यौहारों विशेषकर नवरात्रि पर सुरक्षा व्यंवस्था को दृष्टिगत रखते हुए तहसील स्तरीय बैठकें आयोजित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने त्यौहारों पर समूहों द्वारा निर्मित स्वदेशी उत्पादों को विक्रय किये जाने हेतु अधिकारी को निर्देश वहीं विभागों को भूमि आवंटन के प्रस्तावों के निराकरण के निर्देश सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त होने वाले पत्रों के निराकरण की समीक्षा, जिले में मुख्यमंत्री द्वारा की गईं घोषणाओं पर अमल, केन्द्रीय मंत्री के जनसुनवाई कार्यालय से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विभागवार अद्यतन स्थिति, कलेक्टर की जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के विभागवार लंबित आवेदनों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए की मिशन कर्मयोगी अभियान के तहत जिले में 15 से 19 सितंबर तक विभागीय शासकीय कर्मियों का पंजीयन कराकर प्रशिक्षण दिलाना सुनिश्चित करें। परामर्शदात्री समितियों की बैठकें नियमित रूप से विभागों में हों यह सुनिश्चित किया जाए। अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होने मुक्तिधामों की सड़क मरम्मत कार्य की समीक्षा करते हुये सीईओ जनपद पंचायतों को निर्देशित किया। उन्होंने समग्र आईडी, आधार ई-केवायसी की प्रगति की समीक्षा करते हुये आवश्यक निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के तहत विभागों की ग्रेडिंग की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन के लंबित आवेदनों का निराकरण समय-सीमा में किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय निर्माण कार्यों में प्रगति लाए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



# सफाई करने वाले युवाओं का किया गया सम्मान

**ईद-मिलादुन्नबी पर की गई सफाई**

**हड़ताल पर थे सफाई कर्मी, शहर में थी गंदगी**

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** सफाई कर्मियों की हड़ताल के चलते शहर में साफ सफाई नहीं हुई थी, जिसके कारण जगह जगह गंदगी का अंबार लग गया था। तो वहीं ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर शहर में गंदगी को देखते हुए मुस्लिम समाज के युवाओं ने जहां से ईद मिलादुन नबी के जुलूस का गुजरना था, उन सभी गलियों की सफाई का जिम्मा उठाया, जिसके लिए मुस्लिम त्योहार कमेटी चंदेरी की जानिब से उन सभी युवाओं का स्वागत किया गया। स्वागत में मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एडवोकेट इदरीश खान पठान,नत्थू मेहतर अध्यक्ष राईन समाज, पूर्व वक्फ बोर्ड अध्यक्ष लताफत बेग मिर्जा, एडवोकेट तनवीर जाफरी, वक्फ बोर्ड अध्यक्ष सफेर इलाहाबादी, ताइब अहमद जमाली,सईद खान,सगीर खान,मोनू रंगरेज (पार्षद),आल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी चंदेरी के पदाधिकारी सैयद शाहनवाज अहमद,मोहसिन खान, वसीम पठान ,लाडले भाई,कल्लू राईन, उबैस पठान,फैसल खान,सोहेल मिर्जा,अख्तर खान,सभी ने मिल कर सभी ने युवाओं की हौसला अफजाई की एवं हौसला बढ़ाया।